दैनिक भास्कर 29/01/2019

मतदान के लिए दिलाई शपथ



मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली

डौंडी|कंगला मांझी कॉलेज में मतदाता दिवस मनाया गया। प्राचार्य यूके मिश्र ने छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक, व्याख्याता सहित कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार कोमा व 5 छात्रों ने बालोद कॉलेज के जिला स्तरीय मतदाता दिवस में भाग लिया। कॉलेज में तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे ने छात्रों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

29/11/18 नईदुनिया

कंगला मांझी कॉलेज डौंडी में मनाया संविधान दिवस

डौण्डी। नईदुनिया न्यूज

शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी में 26 नवंबर को प्राचार्य डॉ यूके मिश्र की अध्यक्षता में सविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य द्वारा सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुरूआत किया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा सविधान के प्रस्तावना को वाचन किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम बलराम बीए तृतीय, द्वितीय नीतिन कूमार बीए तृतीय, एवं तृतीय अकिंत सिन्हा बीएससी तृतीय रहे।

इस तरह छात्र छात्राओं ने संसद की कार्यवाही में भाग लेकर सदन की प्रक्रिया को समझा। अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान मीना बीए प्रथम, द्वितीय हेमा छत्री बीए प्रथम एवं

ततीय हेमलता बीए द्वितीय रही। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि भारत का सविधान दुनिया का श्रेष्ठ व लिखित सविधान है। जिसमें भारत के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

नईदुनिया 31/10/18

कॉलेज छात्र-छात्राओं ने जागरूक करने के लिए बनाई मानव श्रृंखला

नईदुनिया 31/10/18



बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किरण कौशल के मार्गदर्शन में जिले में विधानसभा निर्वाचन 2018 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी के छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

पत्रिका 01/11/18

स्वस्तिक बनाकर कॉलेज के विद्यार्थियों ने ली शपथ

डौंडी @ पत्रिका. शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लगभग 450 छात्र-छात्राओं ने सबसे पहले मतदान संकृप पत्र भरे, उसके बाद स्वीप प्रभारी वीके कोमा के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाए, वहीं मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र ने वचन मतदान की शपथ दिलाई। पोस्टर तथा बैनर के साथ स्वास्तिक बनाकर विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुति दिए। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

नई दुनिया 22/11/17

डौण्डी। शासकीय कगंला माझी महाविद्यालय डौण्डी के छात्र–छात्राओं द्वारा शासन के निर्देशानुसार स्विप प्लान से अंतर्गत मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने एवं एक वोट का महत्व बताने मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन प्राचार्य यूके मिश्र के मार्गदर्शन में स्विप प्रभारी ह्वीके कोमा के नेतृत्व मे आयोजित हुआ।

प्राचार्य के द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाने से पहले स्विप प्लान की महता को विस्तार पूर्वक दिये। स्विप प्रभारी एक वोट का महत्व बताते हुये कहा कि हर एक मत बहुमूल्य है क्योंकि जीत एंव हार एक वोट से ही तय होती है।इसके बाद रैली महाविद्यालय से शुरु होकर मसिया भाटा से बस स्टैण्ड,बजार चौक से होते हुये डौण्डी के गलियो मे मतदाता जागरुकता से संबन्धित नारे लगाते हुये भ्रमण कर पुन: महाविद्यालय पहुंचे। रैली मे कैम्पस एम्बेडसर चंद्रभान, प्राध्यापक एनके साकरे, आरपी निषाद आदि थे।

संविधान दिवस 26/11/17

साहू, रामजा साहू हाग।

प्रशिक्षण... तिरपुर में ग्रामीणों को सिखाए योग के आसन

विद्यार्थी अपने कर्तव्य को समझें और अच्छे नागरिक बनें: गिरिजा

भास्कर न्यूज़ | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा इकाई के स्वयं सेवकों ने संविधान दिवस मनाया। एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर व्हीके क़ोमा ने संविधान के महत्व व बारह अनुसूची को छात्र-छात्राओं को बताए। सहायक प्राध्यापक योगेश्वर साहू ने सविधान दिवस क्यों मनाया जाता है? इस पर विचार रखा।

डॉ. गिरिजा पटैला ने कहा कि आज हमें इस बात पर जोर देना चाहिए हम अपने अधिकारों व कर्तव्य को समझे और कुशल नागरिक होने का परिचय दें। वरिष्ठ प्राध्यापक एनके सांकरे ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा उनका प्रांरभिक जीवन तिरस्कार में व्यतीत हुआ। फिर भी उन्होने हार नहीं मानी। देशवासियों के लिए ऐसे संविधान का निर्माण किया, ताकि हर व्यक्ति देश में स्वतंत्र रूप अपने अधिकार को जानकर जीवन जी सके। एनएसएस छात्रा कुमारी रूखमणी ने संविधान में निहित मूल कर्तव्यों को बताया। छात्र सदाबुद्दिन ने अफ्रिकी नेता नेल्सन मंडेला के विचारों को बताया। जिसमें उन्होने का था कि भारतीय संविधान से ही आफ्रिकी संविधान बनाने में सहायता मिली। राधेश्वरी देशमुख ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया। डॉ. चारूलता फिलिप व सहायक प्राध्यापक दीपक मेश्राम ने संविधान की विशेषता बताया। इस अवसर पर चन्द्रभान, रूखमणी उपस्थित थे।

DATE 26 11 2018

"संविधान दिवस"

आज दिनांक 26.11.2018 के महाविद्यालय में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ० यू० के० मिश्र ने संविधान का प्रस्तावना का वचन किया महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों द्वारा संविधान के संबंध में अपना विचार रखे। आई क्यू एसी प्रभारी श्री एन० के० साकरे सहा० प्राध्यापक एवं राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक श्री योगेश्वर साहू, एवं श्री आर० पी० निषाद, श्री एच० के० कोमा, श्रीमती राधेश्वरी देशमुख के सहयोग से मॉक पार्लियामेन्ट (संसद) का आयोजन किया, इसमें सदन के अध्यक्ष की नियुक्ति एवं बिल सदन में किस प्रकार लाया जाता है इसे छात्रों की जानकारी के लिए आयोजित किया। बिल- स्वच्छता सरकार की जिम्मेदारी है या जनता की इस विषय पर बहस हुआ छात्रों ने पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका अदा कर सदन की प्रक्रिया से अवगत हुए।

डा० यू० के० मिश्र, प्राचार्य —

श्री एन० के० साकरे सहा० प्रा०

श्री आर० पी० निषाद —"—

श्री एच० के० कोमा —"—

श्री योगेश्वर साहू —"— 26/XI/18

श्रीमती राधेश्वरी देशमुख —"—

डा० गिरिजा पटैला —"—

छात्रों का नाम	कक्षा	हस्ताक्षर
(1) रूखमणी	बी० ए० I	Rukh
(2) यमुना	बी० ए० I	Yamuna
(3) सावित्री लुलावी	—"—	Savitri
(4) मीना	बी० ए० I	Meena
(5) कीर्तिका	बी० ए० I	Kiti
(6) रेणुका कोरेटी	बी० ए० I	Renuka
(7) संतोषी	बी० ए० I	Santoshi
(8) नम्रता	B. A. I	Namrta

DATE 10 12 2018

विश्व मानव अधिकार दिवस

आज दिनांक 10 दिसम्बर 2018 को विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विधिक साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में माननीया श्रीमती मनीषा ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश, बालोद, अन्य वक्ता के रूप में श्री पंकज राजपूत, अधिवक्ता, अधिवक्ता नेन्सी नेताम, श्रीमती सिद्दकी मेडम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से विधिक साक्षरता, मानव के अधिकार, कानूनी पहलू के बारे में विस्तार से छात्रों को प्राप्त हुआ

1 माननीया श्रीमती मनीषा ठाकुर — 10/12/18
व्यवहार न्यायाधीश बालोद

(2) श्री पंकज राजपूत अधिवक्ता — 10/12/18

(3) सुश्री नेन्सी नेताम, ~~अधिवक्ता~~ PL —

(4) श्रीमती सिद्दकी PL —

(5) डॉ० यू.के. मिश्र, प्राचार्य —

(6) डॉ० गिरिजा पटैला —

(7) श्री एन. के. साहरे —

(8) श्रीमती राधेश्वरी देशमुख — 10/12/18

(9) श्रीमती चारु लता किस्लिय — 10/12/18

(10) श्री दीपक मेश्राम — 10.12.18

(11) सुश्री पद्मावती साहू — 10/12/18

(12) सुश्री गीता देवांगन — 10/12/18

(13) श्रीमती पूर्णिमा रावटे